Seventeenth Loksabha

an>

Title: Regarding Construction of a Railway Overbridge in Salempur and also construction of underpass on the North of the Pivcole Railway Station

श्री रविन्दर कुशवाहा (सलेमपुर): सभापति महोदय, आपने मुझे शून्य काल में बोलने का अवसर दिया, उसके लिए मैं आपके प्रति आभार प्रकट करता हूँ ।

सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से अपने संसदीय क्षेत्र सलेमपुर की बहुत ही महत्वपूर्ण समस्याओं की ओर सदन का ध्यान आकृष्ट करना चाहता हूँ । मेरे संसदीय क्षेत्र सलेमपुर के गोरखपुर-भटनी-छपरा रेल खंड पर भाटपार रानी रेलवे स्टेशन के पश्चिम की ओर समपार संख्या 112, भटनी रेलवे स्टेशन के पूर्व की ओर समपार संख्या 115 तथा गोरखपुर-भटनी-वाराणसी रेल खंड पर बेल्थरा रेलवे स्टेशन के दक्षिण ओर समपार संख्या 19 पर रेल ओवर ब्रिज बनाने की आवश्यकता है । साथ ही इसी रेल खंड पर पीवकोल रेलवे स्टेशन के उत्तर की ओर अंडरपास रेलवे द्वारा पास होने के बावजूद भी नहीं बन पा रहा है ।

सभापति महोदय, उपर्युक्त रेलवे फाटक पर आए दिनों लंबे-लंबे जाम की समस्या बनी रहती है, जिससे लोगों को अत्यधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है । मैं यह बताना चाहता हूँ कि रेलवे की जो गाइडलाइन है कि कैसे समपार पर ओवरब्रिज बनाना है, उसकी क्यूआरबीटी एक लाख से ऊपर होती है और रेलवे के सर्वे में हर रेलवे फाटक पर एक से डेढ़ लाख की क्यूआरबीटी पाई गई है । इसलिए ओवर ब्रिज न होने के कारण कई बार दुर्घटना की भी स्थिति उत्पन्न हो जाती है । ऐसी स्थिति में लोगों की जान-माल का खतरा बना रहता है । लोग जल्दबाजी में रेलवे ट्रैक पार करने लगते हैं, जिसके कारण कई बार दुर्घटनाएं हो चुकी हैं ।

अत: सदन के माध्यम से माननीय रेल मंत्री जी से मेरा आग्रह है कि जन आकांक्षाओं को ध्यान में रखते हुए मेरे संसदीय क्षेत्र सलेमपुर के गोरखपुर-भटनी-छपरा रेल खंड पर भाटपार रानी रेलवे स्टेशन के पश्चिम की ओर समपार संख्या 112, भटनी रेलवे स्टेशन के पूर्व की ओर समपार संख्या 115 तथा गोरखपुर-भटनी-वाराणसी रेल खंड पर बेल्थरा रेलवे स्टेशन के दक्षिण की ओर समपार संख्या 19 पर रेलवे ओवर ब्रिज का निर्माण करवाने व साथ ही भटनी-वाराणसी रेल खंड पर पीवकोल रेलवे स्टेशन के उत्तर की ओर अंडरपास बनवाने की कृपा करें ।